मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Headquarters, Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002

संख्या : ई-13/12/9/2020-जनसंपर्क दिनांक : 08.08.2020

# प्रेस प्रकाशनी

## क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, फरीदाबाद (हरियाणा) में प्लाज़्मा बैंक का उद्घाटन

**श्री मनोहर लाल खट्टर,** माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा और **श्री संतोष कुमार गंगवार,** माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ने दिनांक **07.08.2020** को क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, फरीदाबाद (हरियाणा) में **हरियाणा भवन, नई दिल्ली** से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से **प्लाज़्मा बैंक** का उद्घाटन किया।

**श्री हीरालाल सामरिया**, सचिव, भारत सरकार; **श्रीमती अनुराधा प्रसाद**, महानिदेशक, क.रा.बी. निगम एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, क.रा.बी. निगम तथा हरियाणा सरकार के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

अपने सम्बोधन मे श्री मनोहर लाल खट्टर, माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा ने महामारी कोविड-19 का मुकाबला करने में हरियाणा सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने हरियाणा में 03 विभिन्न स्थानों पंचकुला, रोहतक और गुरुग्राम में प्लाज्मा थेरेपी शुरू करने के बारे में भी जानकारी दी। अंत में, अपने भाषण का समापन करते हुए, उन्होंने COVID रोग से ठीक हुए लोगो से अपील की कि वे आगे आएं और दूसरों के जीवन को बचाने के लिए अपने प्लास्मा का दान करें।

**श्री संतोष कुमार गंगवार,** माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ने अपने सम्बोधन मे कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपनी स्थापना से अब तक निरंतर भारत में अपने बीमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहा है। पिछले 67 वर्षों की यात्रा में ESIC की सेवाओं का विस्तार आज 722 जिलों में से करीब 566 जिलों में हो चुका है। लगभग 12 करोड़ लाभार्थियो को ESI की सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं।

इस संकट की स्थिति में, 21 ESIC अस्पतालों को COVID-19 अस्पताल घोषित किया गया है, जिनमें 2400 से ज़्यादा आइसोलेशन बेड्स, लगभग 550 से ज़्यादा ICU/ HDU बेड्स तथा 200 से अधिक वेंटिलेटर्स हैं। ESIC के मुख्यत: 4 अस्पतालों जिनमें राजस्थान के अलवर, बिहार के बिहटा, छतीसगढ़ के कोरबा तथा कर्नाटक के गुलबर्गा में 1300 बेड्स से भी अधिक क्वारंटीन बेड्स की सुविधा उपलब्ध है। कोविड-19 महामारी से लड़ने में बेहतर टेस्टिंग सुविधा अति महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए फ़रीदाबाद, सनतनगर, और बसईदारपुर के ESIC अस्पतालों में COVID-19 की टेस्ट सुविधायें भी उपलब्ध करायी गयी हैं। साथ ही COVID-19 के गंभीर मरीजों की उपचार के लिए ESIC अस्पताल, फरीदाबाद तथा सनथनगर, हैदराबाद में प्लाज्मा थेरेपी की सुविधा भी दी जा रही है। श्री गंगवार ने कोविड-19 से लड़ने के लिए अपने मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठन, क.रा.बी. निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

## क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, फरीदाबाद में प्लाज़्मा बैंक और प्लाज़्मा थेरेपी के संबंध में।

क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, फरीदाबाद के इम्यूनोहेमेटॉलोजी और ब्लड ट्रांसफ्यूज़न विभाग ने **भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्** की अनुमति से **प्लेसिड ट्रायल** के तहत **20 मई, 2020** को स्वास्थ्य लाभ देने हेतु प्लाज़्मा थेरेपी की शुरूआत की है। पहली प्लाज़्मा थेरेसिस **02 जून, 2020** को की गई थी और आज तक **25** प्रक्रियाएं अब तक की जा चुकी है। तदनुसार पहली प्लाज़्मा थेरेपी **08 जून, 2020** को गई और अब तक **35** रोगियों को यह प्लाज़्मा (ट्रांसफ्यूजन) चढ़ाया जा चुका है।

इम्यूनोहेमेटॉलोजी और ब्लड ट्रांसफ्यूज़न विभाग; क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, फरीदाबाद सभी आवश्यक उपकरणों और श्रम बल से पूर्ण रूप से सज्जित है जिसके साथ ही एक समय में 400 यूनिट भंडार (स्टोर) की क्षमता भी है और इनके पास **भारत के औषधि महानियंत्रक से प्लाज़्माफेरेसिस के लिए वैध लाइसेंस** भी है। यह अस्पताल प्रतिदिन **30 प्लाज़्माफेरेसिस** प्रक्रियाएं करने के लिए पूर्ण सज्जित है जिसके साथ ही इस हेतु 03 एफर्सिस मशीने इसी कार्य हेतु 24 घंटे कार्य की सुविधा सहित पहले से ही कार्यरत हैं। क्योंकि कोविड मामले प्रतिदिन बढ़ रहे हैं कनवलसेंट प्लाज़्मा की आवश्यकता आने वाले दिनों में बढ़ने की संभावना है।

**क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, फरीदाबाद**

क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय, फरीदाबाद, हरियाणा के कोविड-19 रोगियों के उपचार के लिए आइ.सी.यू. (ICU) बिस्तरों सहित 540 बिस्तरों वाला एक समर्पित कोविड अस्पताल है। इसके अलावा, क.रा.बी.निगम चिकित्सा अस्पताल, फरीदाबाद (हरियाणा) में कोविड-19 की जांच सुविधा प्रदान की गई है। चिकित्सा महाविद्यालय नवीनतम उपकरणों, वातानुकूलित कक्षाओं, प्रयोगशालाओं आदि से सुसज्जित है।

इस चिकित्सा महाविद्यालय के साथ अस्पताल जुड़ा हुआ है जो अंतरंग रोगी और बाह्य रोगी विभागों के साथ केंद्रीकृत वातानुकूलित है और विभिन्न विभागों के माध्यम से उपचार की सुविधा प्रदान करते हैं। यह अस्पताल ओ.पी.डी., आइ.पी.डी. वार्ड, आपातकाल, नैदानिक सेवाएं, ऑपरेशन थियेटर, आइ.सी.यू., सी.टी.स्कैन, एम.आर.आइ. और बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके आश्रितजनों के लिए कई सुविधाओं से सुसज्जित है। यह अस्पताल विशेष रूप से क.रा.बी. योजना के तहत आने वाले बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हितलाभ दिलाने के लिए चलाया जा रहा है।

**भारत में क.रा.बी. योजना**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम व्यापक सामाजिक सुरक्षा हितलाभ जैसे उचित चिकित्सा देखभाल और रोजगार चोट, बीमारी, मृत्यु इत्यादि जैसी आवश्यकता के समय नकद हितलाभों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराने वाला एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा संगठन है। इसके अंतर्गत लगभग 3.49 करोड़ श्रमिकों की पारिवारिक इकाइयों को कवर कर रहा है और इसके 13.56 करोड़ लाभार्थियों को कई नकद हितलाभ और उचित चिकित्सा देखभाल सेवा प्रदान कर रहा है। आज, इसके बुनियादी ढांचे में 1520 औषधालयों (मोबाइल औषधालयों सहित) 307 आइएसएम इकाइयों और 159 क.रा.बी. अस्पताल, 793 शाखा/वेतन कार्यालयों और 64 क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ कई गुना वृद्धि हुई है। आज क.रा.बी. निगम योजना देश के 34 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के कुल 566 जिलों में कार्यान्वित है।

************